कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14-अशोक मार्ग, लखनऊ
दूरभाष : 0522-2288658 CIN : U32201UP1999SGC024928 Email : ce.hydel@uppcl.org

संख्याः-1207 /अ-7/मु०अ० (हा०)/आवास दिनांक : 29/11/2024

परिपत्र

निदेशक मण्डल की दि0 05.11.2024 को सम्पन्न हुयी बैठक में पारित की गयी उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं इसकी सहायक कम्पनियों एवं उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के नियंत्रणाधीन भवनों की आवंटन नीति-2024 इस कार्यालय के ज्ञाप सं0-1155-अ-7/मु0अ0 (हा0)/आवास नीति-2024 दि0 11.11.2024 द्वारा जारी की गयी है, नीति के प्रस्तर संख्या 7-आवास आवंटन प्रक्रिया मे यह व्यवस्था दी गयी है कि प्रारूप-1 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठता सूची बनाई जाएगी। आवास आवंटन हेतु इच्छुक कार्मिको द्वारा प्रारूप-1 केवल एक बार ही भरा जाना है। इसके उपरांत प्रतेयक माह रिक्त आवासों के नोटिस निर्गमन के पश्चात ही विकल्प प्रारूप-2 के माध्यम से इच्छित आवास /आवासो का विकल्प दिया जाना है। विकल्प प्रारूप-2 केवल सम्बंधित माह में प्रकाशित नोटिस के सापेक्ष ही दिया जाना है। अगले प्रत्येक माह में प्रकाशित नोटिस में प्रकाशित आवासों के आवंटन हेतु इच्छुक कार्मिको द्वारा विकल्प प्रारूप-2 भरा जायेगा।

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं इसकी सहायक कम्पनियों एवं उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के नियंत्रणाधीन भवनों की आवंटन नीति-2024 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार पूर्व में आवास आवंटन हेतु किये गये आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा पूर्व में जारी की गयी वरिष्ठता सूची भी निरसित मानी जायेगी।

उक्त के सन्दर्भ में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं इसकी सहायक कम्पनियों एवं उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 के नियंत्रणाधीन लखनऊ स्थित कालोनियों (चन्द्रलोक, चन्द्रलोक ट्रांजिट, विवेकानन्दपुरी, क्लाइड रोड, प्रागनारायण रोड, रामसागर मिश्र नगर, इन्द्रलोक, 32 एल०आई०जी० इन्दिरानगर, एच०ए०एल०, टी०आर०टी०, शक्तिपुरम, मोतीझील कालोनी) के भवनों में आवंटन हेतु इच्छुक कार्मिक वरिष्ठता निर्धारण हेतु संलग्न प्रारूप-01 में भरकर उचित माध्यम द्वारा कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल) को प्रेषित कर सकते हैं।

<u>मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)</u>

प्रतिलिपि : अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को कारपोरेशन की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

28.11.2024
(उत्सव कुमार निरंजन)
वैयक्तिक सहायक (द्वितीय)
कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)